# ३. कौशल पर आधारित उपक्रम

## १. कार्डशीट का आकाश कंदील (कंदील) बनाना ।




## मेरी कृति

**(१)** ऐसे छोटे-छोटे आकाश कंदील बनाओ और सजावट करो ।



**(२)** निम्न वस्तुओं में से अपनी पसंद की कोई भी एक वस्तु तैयार करो ।









◆ उनसे पूछें कि प्रत्येक की पसंद की वस्तु कौन-सी है और क्यों अच्छी लगती है ?

## २. नारियल की नरेली (करोटी) से वस्तु बनाना ।

माँ ने फोडा नारियल
खोपरा लिया खुरचकर ।
नरेलियों का करना क्या?
फेंक दीं कचरे में यह सोचकर ।

नरेलियों को आया रोना
क्या कहें इनसान को !
खोपरा सभी निकाल लेते
फेंक देते हैं हमको ।

वहाँ से आए चिंटू-बिल्लू
नरेलियों पर आई दया ।
उन दोनों को रोता देख
झट से उनको उठा लिया ।

चिंटू बोला, भैया मेरा
कल ही घर आया है ।
इनसे सुंदर चीजें बनाना
शहर से सीखाने हमें आया है ।

भैया बोला, सुनो मेरी
इनसे सुंदर कटोरियाँ बनाएँगे ।
पॉलिश पेपर से इनको
घिसकर-पोंछकर चमकाएँगे ।

सेलोटेप की खाली चकरी
या फिर कोई चूड़ी लेंगे ।
नरेली के निचले भाग में
गोंद से उसको चिपकाएँगे ।

रंगीन कागज, ऊन, टिकुलियाँ
मनके लगाकर सजाईं ।
भीतर-बाहर से झिलमिलाती
नरेलियाँ कितनी सुंदर बनीं ।

होशियार हैं चिंटू-बिल्लू
हँसकर बोलीं नरेलियाँ
चंपत हो गई उनकी रुलाई
कितनी प्यारी लगती कटोरियाँ ।



